कार्य-पालय

दिनांक 30.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में निर्माणाधीन SDRF वाहिनी मुख्यालय, बिहटा, पटना के परिसर में स्थायी संरचनाओं का निर्माण कार्य के समयवृद्धि के प्रस्ताव पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

उपस्थितिः-

1. श्री प्रणव कुमार, - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर, - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. श्री मनोज कुमार सिंह - सदस्य
   मुख्य अभियंता(संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. श्री विकास कुमार पाण्डेय, - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

1.	योजना का नाम एवं प्रस्ताव -	SDRF वाहिनी मुख्यालय, बिहटा, पटना के परिसर में स्थायी संरचनाओं का निर्माण कार्य के समयवृद्धि के संबंध में।
2.	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग -	₹267.24 करोड़ (आपदा प्रबंधन विभाग का ज्ञापांक 93 दिनांक 03.06.2022)
3.	योजना के लिए प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति की राशि के 20% अनुज्ञेय सीमा अन्तर्गत अतिरिक्त तथा मूल प्रशासनिक स्वीकृति की अंतर राशि के साथ प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति	₹45,06,06,471.00 (आपदा प्रबंधन विभाग का ज्ञापांक 204 दिनांक 10.09.2024)
4.	योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि -	EPC आधारित
5.	योजना का परिमाण विपत्र की राशि -	EPC आधारित
6.	विषयांकित कार्य हेतु एकरारनामा की राशि एवं संख्या -	₹287,51,86,574.00 EPC-01/2022-23
7.	संवेदक का नाम -	DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001
8.	एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि -	20.02.2023
9.	एकरारनामा के अनुसार पूर्ण करने की तिथि -	19.08.2024 (18 माह)

10. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-</u>

निर्माणाधीन SDRF वाहिनी मुख्यालय, बिहटा, पटना के परिसर में स्थायी संरचनाओं का निर्माण कार्य का एकरारनामा संवेदक DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001 से किया गया जिसका एकरारनामा संख्या- SBD-01/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 20.02.2023 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 19.08.2024 (18 माह) निर्धारित है।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 559 अनु0 दिनांक 21.09.2026 के द्वारा दिनांक 31.03.2027 तक के लिए समयवृद्धि के अनुशंसा के साथ प्रस्ताव समर्पित किया गया है। उक्त समयवृद्धि के प्रस्ताव द्वारा विलम्ब का मुख्य कारण निम्नरूपेण प्रतिवेदित हैः-

- वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना के पत्रांक 924 दिनांक 10.05.2023 को निर्माण कार्य हेतु चयनित स्थल पर अवस्थित वृक्षों के पुर्नस्थापन करने की प्राप्त अनुमति के आलोक में कुल 543 में से 120 वृक्षों का पुर्नस्थापन एवं 423 वृक्षों को यथास्थिति बनाये रखा गया, जिसके कारण लगभग 03 माह का समय लगा। उक्त कारण से समेकित रूप से परियोजना का निर्माण कार्य प्रभावित हुआ एवं निर्माण कार्य अगस्त 2023 के पश्चात ही प्रारंभ हो पायी।
- नवम्बर, 2023 में BIADA, PATNA के पदाधिकारियों द्वारा योजना अंतर्गत कुछ भाग के निर्माण कार्य करने से पूर्व आवंटित भूमि का मापी कराने के उपरांत ही कार्य कराने निदेश दिया गया, जिसके अनुपालन में एक माह से ज्यादा निर्माण कार्य बाधित रहा।
- विषयांकित परियोजना में कुल 38 अद्द भवनों/संरचनाओं, सर्विसेज तथा परिसर विकास कार्य प्रस्तावित है। निर्माण के क्रम में यह पाया गया कि कुछ कार्य क्षेत्र में बरौनी-कानपुर पाईपलाईन गुजर रही है, जिसकी ROU (उपयोग का अधिकार) 60 फीट है। Indian Oil Corporation Ltd. के पत्रांक ERPL/PATNA/ML/SDRF Dated 04.03.2025 के द्वारा पूर्व में प्रस्तावित एस0टी0पी0 भवन, बोरिंग के कार्य को रोक लगाया गया, जिसके पश्चात साईट प्लान में आवश्यक संशोधन करने (यथा-STP के भवनों का स्थल प्लान स्थानान्तरित एवं ड्रेनेज लाईन, सिवरेज लाईन इत्यादि की एलानमेंट में बदलाव) में लगभग 03 माह का अतिरिक्त समय लगा। उक्त स्थल संशोधन के उपरान्त ही प्रभावित भवनों/सर्विसेज का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा सका। साथ ही, निर्माण स्थल पर पूर्व से कार्यालयों/पोर्टा केबिन स्थित होने एवं वृक्षों के पुर्नस्थापन के कारण विषयांकित परियोजना के प्रस्तावित भवनों/संरचनाओं, सर्विसेज तथा परिसर विकास कार्य की प्रगति प्रभावित हुई।
- परियोजना के कुल प्रस्तावित 38 अद्द भवनों/संरचनाओं, सर्विसेज में से 16 अद्द भवनों/सरंचनाओं/सर्विसेज का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया तथा दिनांक-19.09.2025 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कर-कमलों द्वारा लोकापर्ण किया गया। प्रशासनिक भवन, क्यू0आर0टी0 भवन, बैरक-1, बैरक-2, एवं बैरक-3, ऑफिसर्स मेस, सब-ऑर्डिनेट मेस तथा एम0टी0 कार्यशाला भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं प्रशासी विभाग के द्वारा इन भवनों का उपयोग किया जा रहा है।

  उक्त 16 भवनों के अतिरिक्त वर्तमान में 05 अद्द भवनों/सरंचनाओं/सर्विसेज का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं हस्तानान्तरण के प्रक्रिया में है एवं 09 अद्द भवनों/सरंचनाओं/सर्विसेज का संरचना कार्य पूर्ण हो चुका है एवं फिनिशिंग कार्य अंतिम चरण में है।

  शेष बचे हुये 08 अद्द भवनों/सर्विसेस इत्यादि के निर्माण कार्य में उपरोक्त वर्णित व्यवधानों के कारण Dispensary Building के निर्माण स्थल को जनवरी 2026, Assistant Commandant Building के निर्माण स्थल को मार्च 2026, Dog squad के

निर्माण स्थल को सितम्बर 2025 में स्थल उपलब्ध हो पाया, जिसके बाद ही निर्माण कार्य प्रारम्भ सम्भव हुआ।

- योजना स्थल पर पूर्व से स्थित पोर्टा केबिन कार्यालय के कारण योजना में बनने वाले प्रस्तावित खेल परिसर एवं परिसर विकास हेतु चिन्हित स्थल उपलब्ध नहीं हुआ है, जिससे निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है।

इस प्रकार उक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक को निर्माण कार्य पूर्ण करने में मार्च 2027 तक का समय लग सकता है।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा उपरोक्त विलम्ब के कारणों के आलोक में दिनांक **31.03.2027** तक सशर्त समयवृद्धि प्रदान करने की अनुशंसा की गयी है।

11. <u>दिनांक 23.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरात सर्वसम्मति से पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03.2017 के आलोक में विषयांकित कार्य को सशर्त समयवृद्धि दिनांक **31.03.2027** तक स्वीकृत करने की अनुशंसा के साथ सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया गया कि दिनांक **31.03.2027** तक के समयवृद्धि की अवधि में संवेदक को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति/एस0बी0डी0 के कंडिका-10सी0सी0/10सी0ए0 के तहत सामग्रियों के दर में बढ़ोत्तरी का दावा मान्य नहीं होगा। कार्यकारी एजेंसी द्वारा समयवृद्धि के अवधि में मूल्य-वृद्धि का दावा नहीं करने हेतु शपथ-पत्र प्राप्त कर ली गयी है।

12. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>

विभागीय निविदा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरात सर्वसम्मति से दिनांक 23.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में की गई अनुशंसा को अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया तथा समयवृद्धि दिये जाने हेतु मुख्य अभियंता(संरचना) को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

30/10/26 30/10/26 30/10/26 30/10/26

(विकास कुमार पाण्डेय)	(मनोज कुमार सिंह)	(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)	(प्रणव कुमार)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, बिहार, पटना	मुख्य अभियंता(संरचना) भ0नि0वि0, बिहार, पटना	अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना	सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक- भवन/मु0अभि0(प0)यो0परि0वि0-2-06/2022 181 (सं0) पटना, दिनांक 2.11.26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

2/11/26

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता(संरचना),
भवन निर्माण विभाग, पटना